कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

पत्रांकः केयू/आर0ओ0/एसपीए/2024–25/15.   दिनांक 10/04/2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल/सर जे0सी0बोस तकनीकी परिसर, भीमताल।

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही हैं कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर प्रथम सेमस्टर के छात्रों को रू0 7500/– प्रतिमाह वाइस चांसलर इंटर्नशिप देने का निर्णय लिया गया है। यह इंटर्नशिप प्रथम सेमेस्टर के अंको के आधार पर पात्र छात्रों को सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर ही देय होगी। इंटर्नशिप हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल, 2024 निर्धारित है।

उपर्युक्त इंटर्नशिप उन्हीं छात्रों को दी जायेगी जिन्हें केन्द्रीय विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय संस्थान/पीएसयू द्वारा इंटर्नशिप हेतु स्वीकार/सहमति पत्र निर्गत किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि विभागीय स्तर पर उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवाने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त संकायाध्यक्ष, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. परिसर निदेशक, डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल/सर जे0सी0बोस तकनीकी परिसर, भीमताल।
3. वित्त नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. श्री के0के0पाण्डे, कम्प्यूटर प्रोग्रामर को विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड हेतु।
5. निजी सचिव–कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव